प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची एयरपोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टाटानगर–पटना समेत छह वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी, पीएम आवास के लिए लाभुकों के खाते में जारी की 32 करोड़ रुपये की पहली किश्त।

2- श्री मोदी ने कहा, झारखंड में है हिन्दुस्तान का सबसे समृद्ध राज्य बनने की क्षमता, विकसित झारखंड–विकसित भारत के लिए संकल्पित है केंद्र सरकार।

3- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, झारखंड में अब हर गरीब को मिलेगा पक्का मकान।

4- जमशेदपुर समेत रांची, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा और गुमला में रुक–रुक हो रही है बारिश, मौसम विभाग ने 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से हवाएं चलने की जतायी संभावना, रेड अलर्ट जारी

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रांची एयरपोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये टाटानगर–पटना समेत छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अन्य ट्रेनों में ब्रह्मपुर–टाटानगर, राउरकेला–हावड़ा, देवघर–वाराणसी, भागलपुर–हावड़ा और गया–हावड़ा शामिल हैं। श्री मोदी ने 650 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इसके तहत मधुपुर–बाईपास रेल लाइन और हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो शामिल है। प्रधानमंत्री ने जिन दो परियोजना का लोकार्पण किया उनमें कुरकुरा–कानारोवां रेल लाइन का दोहरीकरण, और चार रेल अंडर ब्रिज शामिल है। भारी बारिश और खराब मौसम के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हेलिकॉप्टर जमशेदपुर के लिए उड़ान नहीं भर सका जिसके चलते उन्हें रांची से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करना पड़ा।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पीएम आवास योजना–ग्रामीण के तहत झारखण्ड के लाभार्थियों को अपना घर बनाने के लिए 32 करोड़ रुपये की पहली किश्त का डिजिटल ट्रांसफर सीधे उनके बैंक खाते में किया। प्रधानमंत्री ने 32 हजार आवासों के स्वीकृति पत्र का वितरण किया। साथ ही 46 हजार पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश कराया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि झारखंड में हिन्दुस्तान का सबसे समृद्ध राज्य बनने की क्षमता है और उनकी सरकार विकसित झारखंड, विकसित भारत के लिए संकल्पित है। श्री मोदी ने कहा कि आज झारखंड के लिए कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत की प्राथमिकता देश का गरीब है।

****

जमशेदपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में अब कोई भी गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा।

****

राजधानी रांची समेत जमशेदपुर, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा समेत आसपास के हिस्सों में तेज हवा के साथ रूक–रूककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर इन सभी जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि बारिश के दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से हवाएं चल सकती हैं। उन्होंने बताया कि कुछ जिलों में 200 मिलीमीटर तक बारिश होने की संभावना है। श्री आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में गहरे दवाब का क्षेत्र बनने के कारण अगले दो दिनों तक राज्य में बारिश होने की संभावना है।

****

दूरदर्शन आज 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत 15 सितंबर 1959 को दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था।

****

आज अभियंता दिवस है। यह दिवस महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए सर एम. विश्वेश्वरैया के योगदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, नवाचार

और चुनौतियों से निपटने में अभियंताओं का योगदान सराहनीय रहा है। श्री मोदी ने अभियंता दिवस पर एक वीडियो भी साझा किया है।

****

चतरा जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

****

गिरिडीह जिले के लेढवाटांड से पुलिस ने एक लाख रुपये के एक इनामी नक्सली लक्ष्मण राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने आज बताया कि गिरफ्तार नक्सली से पुलिस फिलहाल पूछताछ कर रही है।

**********समाप्त**********